प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2023–24
कृषि जन्तु विज्ञान
कृषि भाग–2
कक्षा–12

समयः 3 घंटा 15 मिनट पूर्णांक : 50

नोटः (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रश्न संख्या 2 से 6 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न है, जिनका प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में देना हैं। प्रश्न संख्या 7 से 11 तक अतिलघुत्तरीय प्रश्न जिनका प्रत्येक उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में लिखना हैं। प्रश्न संख्या 12 से 14 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है जिसका उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 15 से 17 तक विस्तृत उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखना है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न–1 क. अमीबा में किस प्रकार का पोषण होता है– 1

1. होलोजोइक
2. होलोफाइटिक
3. सैप्रोनोइक
4. काप्रोजोइक

ख. आक्सीजनयुक्त रक्त पाया जाता है– 1

1. रीनल शिरा में
2. पल्मोनरी शिरा मे
3. पल्मोनरी धमनी मे
4. महाशिरा मे

ग. पुरकिंजे तंत्र खरगोश के किस अंग में पाया जाता है– 1

1. अलिन्द
2. वृक्क
3. निलय
4. फेफड़ा

घ. कीटो मे वक्ष बंटा होता है– 1

1. प्रोथोरेक्स
2. मीसोथोरेक्स
3. मेटा थोरैक्स
4. उपरोक्त सभी में

ङ. द्विनाम पद्धति में दो पद होते है– 1

1. जीनस–स्पीशीज
2. फैमिली–जीनस
3. आर्डर–फैमिली
4. उपरोक्त सभी

निश्चित उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न–2 केचुए में क्लाइटेलम किन खण्डो मे पाया जाता है? 1
प्रश्न–3 शहतूत रेशम कीट का जन्तु वैज्ञानिक नाम लिखिए? 1
प्रश्न–4 क्रमाकुंचन गति क्या है? 1
प्रश्न–5 आनुवंशिकी का जनक किसे कहा जाता है? 1
प्रश्न–6 आर0एन0ए0 का पूरा नाम लिखिए? 1

अति लघुउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न–7 संघ आथ्रोपोडा के चार लक्षण लिखिए? 2
प्रश्न–8 प्लेसेंटा के कार्य बताइये। 2
प्रश्न–9 विटामिन–सी के महत्व का वर्णन कीजिए? 2
प्रश्न–10 अमीबा मे प्रचलन किस प्रकार होता है? 2
प्रश्न–11 एपिग्लाटिस से क्या समझते है? 2

लघुउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न–12 जीवद्रव्य के भौतिक एवं जैविक गुणों का वर्णन कीजिए? 4
प्रश्न–13 केचुए के पटीय उत्सर्गी अंग का नामांकित चित्र बनाइये? 4
प्रश्न–14 रूधिर स्कन्दन की क्रिया विधि समझाइये? 4

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न–15 खरगोश के हदय की आन्तरिक संरचना का नामांकित चित्र बनाइये तथा इसकी क्रिया विधि समझाइये? 6

अथवा

अमीबा में होने वाली प्रचलन की विधियों का विस्तार से वर्णन कीजिए?

प्रश्न–16 काकरोच के मादा जननांगों का सचित्र वर्णन कीजिए? मैथुन और अण्ड कवच की निर्माण क्रियायें बताइये। 6

अथवा

निम्न पर टिप्पणी लिखिए।

1 गुणसूत्र
2 संयुक्त नेत्र
3 मिआसिस

प्रश्न–17 उत्सर्जन किसे कहते है? खरगोश में वृक्क नलिका का चित्र बनाकर मूत्र निर्माण के विभिन्न पदों का संक्षेप मे वर्णन कीजिए? 6

अथवा

लाभदायक कीट मधुमक्खी के जीवन चक्र का विस्तार से वर्णन कीजिए?